# न्यायालय अतिरिक्त कलक्टर (द्वितीय), जयपुर।

राजस्व रेफरेन्स संख्या : 309/2009(आरसीएमएस संख्या–2009/00078)
सरकार जरिये तहसीलदार, तहसील–जयपुर, जिला–जयपुर।

प्रार्थी,

बनाम

1. उदा पुत्र श्री झूंथा, जाति–रैगर, निवासी–ग्राम जयसिंहपुरा कांकरोदा, तहसील–जयपुर।
2. पोखर पुत्र श्री झूंथा, जाति–रैगर, निवासी–ग्राम जयसिंहपुरा कांकरोदा, तहसील–जयपुर।
3. मांगीलाल पुत्र श्री झूंथा, जाति–रैगर, निवासी–ग्राम जयसिंहपुरा कांकरोदा, तहसील–जयपुर।
4. धन्ना पुत्र श्री झूंथा, जाति–रैगर, निवासी–ग्राम जयसिंहपुरा कांकरोदा, तहसील–जयपुर (मृतक)।
   - 4/1 ममता पत्नी श्री रामनारायण, जाति–रैगर, निवासी–ग्राम जयसिंहपुरा कांकरोदा, तहसील–जयपुर।
   - 4/2 देवाराम पुत्र श्री रामनारायण, जाति–रैगर, निवासी–ग्राम जयसिंहपुरा कांकरोदा, तहसील–जयपुर।
   - 4/3 मालीराम पुत्र श्री धन्ना, जाति–रैगर, निवासी–ग्राम जयसिंहपुरा कांकरोदा, तहसील–जयपुर।
   - 4/4 लालाराम पुत्र श्री धन्ना, जाति–रैगर, निवासी–ग्राम जयसिंहपुरा कांकरोदा, तहसील–जयपुर।
   - 4/5 भंवर पुत्र श्री प्रभुदयाल, जाति–रैगर, निवासी–ग्राम कलवाड़ा, तहसील–सांगानेर।
   - 4/6 नवरत्न पुत्र श्री प्रभुदयाल, जाति–रैगर, निवासी–ग्राम कलवाड़ा, तहसील–सांगानेर।
   - 4/7 उगन्ता पुत्री श्री प्रभुदयाल, जाति–रैगर, निवासी–ग्राम कलवाड़ा, तहसील–सांगानेर।
   - 4/8 शिम्भू पुत्री श्री प्रभुदयाल, जाति–रैगर, निवासी–ग्राम कलवाड़ा, तहसील–सांगानेर।
   - 4/9 पांची देवी पुत्री श्री धन्ना पत्नी श्री चंदा, जाति–रैगर, निवासी–ग्राम प्रतापपुरा, जोबनेर, तहसील–फुलेरा।
   - 4/10 रामेश्वरी पुत्री श्री धन्ना पत्नी श्री हरदेव, जाति–रैगर, निवासी–ग्राम प्रतापपुरा, जोबनेर, तहसील–फुलेरा।

अप्रार्थीगण,

( राजस्व रेफरेन्स अन्तर्गत धारा 82 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 सपठित धारा 232 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 )

उपस्थिति :–

1. पेरोकार सरकार।
2. अप्रार्थीगण बावजूद सूचना असालतन/वकालतन अनुपस्थित। अतः इनके विरूद्ध एक–पक्षीय कार्यवाही की गई।

<u>निर्णय</u> दिनांक : **25.10.2019**

तहसीलदार, जयपुर द्वारा निवेदन किया गया है कि खतौनी बन्दोबस्त (जमाबंदी) सम्वत् 2015–2034 में ग्राम जयसिंहपुरा की आराजी खसरा नम्बर 145

रकबा 26 बीघा 14 बिस्वा मकबूजा ठिकाना बिला लगानी किस्म जमीन गैर–मुमकीन नदी दर्ज है, आराजी खसरा नम्बर 145 रकबा 26 बीघा 14 बिस्वा में से 13 बीघा उदा वगैराह, जाति–रैगर, साकिन जयसिंहपुरा के हक में दिनांक 17.09.1976 को आवंटन होने से जरिये नामान्तरकरण संख्या–22 उदा वगैराह के नाम दर्ज होकर गैर–खातेदारी तत्पश्चात् जरिये नामान्तरकरण संख्या–79 खातेदारी दिये जाने के फलस्वरूप राजस्व अभिलेख में खातेदार–काश्तकार नकल खतौनी जमाबन्दी सम्वत् 2059–2062 अनुसार दर्ज हैं। भू–प्रबन्ध सम्वत् 2015–2034 में दर्ज गैर–मुमकीन नदी को निजी खातेदारी में दर्ज किया जाना राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 88 व राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 की धारा 16 के प्रावधानों के विपरीत है तथा डी.बी.सिविल जनहित याचिका संख्या 1536/03 अब्दुल रहमान बनाम सरकार में माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 02.08.2004 द्वारा ऐसी निजी खातेदारियों को निरस्त करने के निर्देश दिए गए है। अतः विवादग्रस्त आराजी को सिवायचक बिला लगानी गैर–मुमकीन नदी दर्ज किए जाने के आदेश फरमावें।

विद्वान् पेरोकार सरकार का कथन है कि खतौनी बन्दोबस्त (जमाबंदी) सम्वत् 2015–2034 में ग्राम जयसिंहपुरा की आराजी खसरा नम्बर 145 रकबा 26 बीघा 14 बिस्वा मकबूजा ठिकाना बिला लगानी किस्म जमीन गैर–मुमकीन नदी दर्ज है, आराजी खसरा नम्बर 145 रकबा 26 बीघा 14 बिस्वा में से 13 बीघा उदा वगैराह, जाति–रैगर, साकिन जयसिंहपुरा के हक में दिनांक 17.09.1976 को आवंटन होने से जरिये नामान्तरकरण संख्या–22 उदा वगैराह के नाम दर्ज होकर गैर–खातेदारी तत्पश्चात् जरिये नामान्तरकरण संख्या–79 खातेदारी दिये जाने के फलस्वरूप राजस्व अभिलेख में खातेदार–काश्तकार नकल खतौनी जमाबन्दी सम्वत् 2059–2062 अनुसार दर्ज हैं। भू–प्रबन्ध सम्वत् 2015–2034 में राजस्व रिकार्ड में दर्ज नदी, नाला, झील, नाडी, तलाई, तालाब, जलाशय की भूमि पर निजी खातेदारी अधिकार दिये जाना राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 88 व राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की धारा 16 के प्रावधानों के विपरीत होने से अवैध है। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा डी.बी. सिविल जनहित याचिका संख्या 1536/03 अब्दुल रहमान बनाम सरकार में ऐसी खातेदारियों को निरस्त करने के निर्देश दिये गये हैं। विवादग्रस्त खसरा नम्बर 145 रकबा 26 बीघा 14 बिस्वा मकबूजा ठिकाना बिला लगानी किस्म जमीन गैर–मुमकीन नदी में से 13 बीघा उदा वगैराह को उप खण्ड अधिकारी, जयपुर द्वारा दिनांक 17.09.1976 को आवंटन किया गया हैं। जिसका इन्द्राज नामान्तरकरण सं0–22 के कॉलम सं0–14 पर है, नियमों के विपरीत अवैध

रूप से आवंटित की गई है। जबकि विवादग्रस्त आराजी राजस्व अभिलेख खतौनी बन्दोबस्त सम्वत् 2015–2034 में यह आराजी गैर–मुमकीन नदी दर्ज है। राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 की धारा 16 के अन्तर्गत विवादग्रस्त आराजी नियमन/आवंटन हेतु वर्जित है और इस धारा 16 में स्पष्ट प्रावधान है कि ऐसी आराजी पर खातेदारी अधिकार प्रोद्भूत नही होगें। आवंटन दिनांक 17.09.1976 को कृषि प्रयोजनार्थ भूमि के आवंटन हेतु राजस्थान भू–राजस्व (कृषि प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन) नियम, 1970 राज्य सरकार द्वारा बनाये गये है और ये शासकीय राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रभावशील हुए है। आवंटन नियम 1970 के नियम 4 में भी राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 की धारा 16 में वर्णित भूमियों को कृषि प्रयोजनार्थ आवंटन हेतु उपलब्ध नहीं होने का प्रावधान है। इस प्रकार अधिनियम/नियम में दर्ज प्रावधानों के विपरीत गैर–मुमकीन नदी की आराजी को दिनांक 17.09.1976 को उदा वगैराह, जाति–रैगर को आवंटन किया गया है जो कानूनी प्रावधानों के विपरीत होने से अवैध है और ऐसे अवैध आवंटन के पश्चात् आवंटी के हक में राजस्व अभिलेखों में दर्ज इन्द्राज और पश्चातवर्ती प्रांरभ से शून्य है। ऐसी स्थिति में नियमन/आवंटन एवं नियमन/आवंटन के परिणामस्वरूप राजस्व अभिलखों में अब तक किये गये इन्द्राजों को निरस्त किया जाना न्यायोचित है। रेफरेन्स प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किये जाने के संबंध मे समय सीमा बाधित नहीं हैं। रेफरेन्स कभी भी प्रस्तुत किया जा सकता हैं। अतः रेफरेन्स प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने हेतु माननीय राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर को प्रेषित किया जावे।

हमनें विद्वान् पेरोकार सरकार की बहस पर गौर किया व पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली में उपलब्ध खतौनी बन्दोबस्त (जमाबंदी) सम्वत् 2015–2034 ग्राम जयसिंहपुरा कांकरोदा की आराजी खसरा नम्बर 145 रकबा 26 बीघा 14 बिस्वा मकबूजा ठिकाना बिला लगानी किस्म जमीन गैर–मुमकीन नदी दर्ज है, आराजी खसरा नम्बर 145 रकबा 26 बीघा 14 बिस्वा में से 13 बीघा उदा वगैराह, जाति–रैगर, साकिन जयसिंहपुरा के हक में दिनांक 17.09.1976 को आवंटन होने से जरिये नामान्तरकरण संख्या–22 उदा वगैराह के नाम दर्ज होकर गैर–खातेदारी तत्पश्चात् जरिये नामान्तरकरण संख्या–79 खातेदारी दिये जाने के फलस्वरूप राजस्व अभिलेख में खातेदार–काश्तकार नकल खतौनी जमाबन्दी सम्वत् 2059–2062 अनुसार दर्ज हैं। भू–प्रबन्ध सम्वत् 2015–2034 में दर्ज गैर–मुमकीन नदी आराजी को निजी खातेदारी में दर्ज किया जाना राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 88 व राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 की धारा 16 के प्रावधानों के विपरीत है तथा डी.बी.सिविल जनहित याचिका संख्या 1536/03 अब्दुल रहमान बनाम सरकार में

अति. कलक्टर जयपुर

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 02.08.2004 द्वारा ऐसी निजी खातेदारियों को निरस्त करने के निर्देश दिए गए है। वरवक्त बहस विद्वान् पेरोकार सरकार ने विवादग्रस्त आराजी को आवंटन दिनांक 17.09.1976 को राजस्व अभिलेख में गैर–मुमकीन नदी दर्ज होने का कथन किया है जिसकी पुष्टि पत्रावली में उपलब्ध नकल जमाबंदी सम्वत् 2015–2034 से होती है और इस आराजी का आवंटन उदा वगैराह, जाति–रैगर को दिनांक 17.09.1976 को किया गया है, की पुष्टि पत्रावली में उपलब्ध नकल नामान्तरकरण सं0–22 ग्राम–जयसिंहपुरा कांकरोदा से होती है। खातेदारी का नामान्तरकरण संख्या–79 स्वीकार किया गया हैं। विवादग्रस्त आराजी जमाबन्दी सम्वत् 2059–2062 में निजी खातेदारी दर्ज है। राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 88 व राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 की धारा 16 के प्रावधानों के अनुसार मकबूजा ठिकाना बिला लगानी गैर–मुमकीन नदी की भूमि की निजी खातेदारी किसी को नही दी जा सकती किन्तु अधिनियमों के प्रावधानों के विपरीत गैर–मुमकीन नदी भूमि का नियमन/आवंटन कर खातेदारी दी गई हैं, जो प्रारम्भ से शून्य हैं और ऐसे प्रारम्भ से शून्य आधारित निर्णय/आज्ञा अथवा अन्य प्रक्रिया के अनुसरण मे एवं इसके पश्चात की गई नामान्तरकरण/अमल दरामद की कार्यवाही स्वत: ही अवैध हो जाती हैं। नियमानुसार गैर–मुमकीन नदी भूमि का आवंटन/नियमन/खातेदारी नही दी जा सकती इसके बावजूद नियमों के विपरीत खातेदारी दी गई हैं/ली गई हैं जो प्रारम्भ से शून्य हैं। शून्य आधारित आज्ञा के परिणामस्वरूप यदि अप्रार्थी को खातेदारी अधिकार प्राप्त हुये हैं और इसके अनुसरण में राजस्व अभिलेखों में अमल दरामद हुआ हैं तो यह प्रभाव शून्य हैं। शून्य आधारित आदेश के विरूद्ध कभी भी रेफरेन्स प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया जा सकता हैं । माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा डी.बी.सिविल जनहित याचिका संख्या 1536/2003 उनवानी अब्दुल रहमान बनाम सरकार वगैराह में दिये गये निर्णय की पालना में प्रार्थी तहसीलदार, जयपुर द्वारा रेफरेन्स प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया हैं और माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्णय की पालना में 15.08.1947 की स्थिति बहाल किये जाने के संबंध में सुलभ दस्तावेजात प्रतियों/साक्ष्यों की प्रतियां प्रार्थी पक्ष द्वारा प्रस्तुत की गई हैं। जिसके विपरीत अथवा इसके खण्डन में पत्रावली में अन्य कोई दस्तावेजात उपलब्ध नहीं हैं। परिणामतः उक्त विवेचनानुसार विवादग्रस्त खसरा नम्बर 145 रकबा 26 बीघा 14 बिस्वा मकबूजा ठिकाना बिला लगानी किस्म जमीन गैर–मुमकीन नदी वाके ग्राम–जयसिंहपुरा कांकरोदा में से 13 बीघा आवंटन दिनांक 17.09.1976 बहक उदा वगैराह, जाति–रैगर को निरस्त करने एवं इस आवंटन के फलस्वरूप आवंटी के हक में दर्ज किये गये इन्द्राजात एवं निजी

अति. कलक्टर (...)
जयपुर

खातेदारी में लगाए जाने की आज्ञा एवं इसके पश्चात् की समस्त कार्यवाही/इन्द्राजों को निरस्त करने तथा वापिस मकबूजा ठिकाना गैर–मुमकीन नदी दर्ज करने की राय से राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 82 सपठित धारा 232 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत रेफरेन्स स्वीकार किये जाने हेतु माननीय राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर को प्रेषित है। पक्षकारान को दिनांक 13.01.2020 को प्रातः 10.00 बजे माननीय राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर उपस्थित होने हेतु पाबन्द किया गया। निर्णय की अतिरिक्त प्रतियों के साथ पत्रावली माननीय राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर को भेजी जावे।

निर्णय सरे इजलास आज दिनांक 25.10.2019 को सुनाया गया।

न्यायालय अति. कलक्टर (द्वितीय) जयपुर

अति. कलक्टर (द्वितीय)
जयपुर